**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षान्त समारोह के संदर्भ में प्रेस वार्ता आयोजित

पंतनगर। 5 नवम्बर 2023। विश्वविद्यालय में 7 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले 35वें दीक्षान्त समारोह के संदर्भ में आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा किया गया। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा की गयी। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता में दीक्षान्त समारोह के संदर्भ में व्यवस्थाएं और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी पत्रकारों को देते हुए कहा कि मुख्य अतिथि भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उत्तराखण्ड के राज्यपाल माननीय ले.जरनल गुरमीत सिंह, रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री माननीय श्री अजय भट्ट एवं उत्तराखण्ड के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री माननीय श्री गणेश जोशी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय यह है कि माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा उनके आर्शीवचनों के साथ प्रोत्साहन मिलेगा जिससे हमारा विश्वविद्यालय शोध, शिक्षा एवं प्रसार के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि कुल 1041 विद्यार्थियों जिनमें 626 स्नातक, 310 स्नातकोत्तर एवं 105 पीच.डी. तथा 11 कुलपति स्वर्ण पदक, 2 भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पंत पदक, 11 रजत पदक, 10 कांस्य पदक एवं सरस्वती पांडा अवार्ड, श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड, डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, चौधरी चरण सिंह अवार्ड, मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड एवं पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय किसानों के उत्थान हेतु प्रयासरत है जिसमें प्रसार शिक्षा निदेशालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका रही है और उनके द्वारा नई तकनीकों एवं प्रशिक्षण किसानों को देकर उनको समृद्ध बना रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के बीजों को पंतनगर बीज के नाम से किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दलहनी फसल में सात प्रजाति विकसित की है जिसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पूरे देश विस्तारित की जायेंगी।

तदोपरान्त दीक्षान्त समारोह की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंध समिति की बैठक कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आहुत की गयी, जिसमें दीक्षान्त समारोह में होने वाले मिनट टू मिनट कार्यक्रम की समीक्षा की गयी।



*दीक्षान्त समारोह हेतु प्रेस वार्ता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

**निदेशक संचार**